## हरे-भरे पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सालों पुराने पेड़ों की अवैध तरीके से कटाई करके उसकी लकड़ी को बिचौलियां ट्रको में भर कर महानगर पहुंचा कर मोटी रकम अपनी जेब में भर रहे हैं। हरे भरे सालों पुराने पेड़ों की कटाई खुले आम हो रही है। बिचौलिए किसानों की जमीन पर लगे ऐसे हरे भरे पेड़ों का सौदा करके उसको बिना मंजूरी के काट कर ट्रकों में भर कर लकड़ी बाहर पहुंचा रहे हैं । ऐसे पेड़ की छोटी मोटी हरी झाड़ियों को वही पर छोड़ कर चले जाते है जिसका उपयोग किसान करता रहता है इलाके में आए दिन पुराने हर भरे पेड़ की अवैध कटाई हो रही है अभी तक बबूल के पेड़ों पर बिचौलियों की गहरी नजर रहती थी अब उनकी नजर आम के पेड़ों पर हो गई है और वह



सालों पुराने पेड़ में निकलने वाली लकड़ी की तादाद को देख कर किसान से सौदे बाजी करके हरे भरे पेड़ को काट रहे हैं और बिना रोक टोक के ट्रक में लकड़ी भर कर बाहर शहरों में बेच रहे हैं। वनविभाग एवं राजस्व विभाग का अमला हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं,पता चला है कि बिचौलिए किसानों के माध्यम से सूखे पेड़ की मंजूरी प्राप्त करके हरे भरे पेड़ को काट कर ले जा रहे है। क्षेत्र में जिन इलाकों में सालों पुराने पेड़ काटे गए हैं । उनकी हरी भरी पत्ती खुलेआम गवाही दे रहे है कि पेड़ सूखा था या हरा भरा था। वहीं नागरिकों का कहना है क्षेत्र के पेड़ यदि इसी तरह से कटते रहेगें तो आगामी समय में पेड़ों का नाम और निशान मिट जाएगा। यह लकड़ी माफिया आम का पेड़ जामुन,बाबुल सराई और किसी भी प्रजाति का पेड़ हो चाहे वह बड़ा हो या छोटा हो उसको कटर मशीनों से मिनटों में काटकर चकनाचूर कर देते हैं। क्षेत्र के पेड़ों पर इस समय बिचौलियों की नजर लगी है यदि वह ऐसी ही लगी रहेगी तो पेड़ों की तादाद को विलुप्त होने में देर नहीं लगेगी, वहीं महानगरों में फर्नीचर बनाने वाले इसके पहले बबूल की लकड़ी का बहुत इस्तेमाल करते थे जिसके कारण आस पास के बबूल के पेड़ों की व्यापक स्तर पर कटाई का कार्य हुआ है किसानों के खेत पर ऐसे बबूल के पेड़ अब गायब हो गए है। अब आम की लकड़ी पर बिचौलियों की नजर लगी है और वह महानगरों में विभिन्न फर्निचर में इस्तेमाल करने के लिए गांव स्तर से लकडी पहुंचा रहे है। बिना टीपी के ऐसे लकड़ी के वाहन रातों रात महानगर पहुंच रहे है। वही नागरिकों का कहना है कि बड़े ट्रैकों में लकड़ी भर कर ले जाना कहीं ना कहीं अधिकारियों की सांठगांठ से ही मुमकिन हो सकता है।

**बिचौलिए महानगर पहुंचा रहे लकड़ी**

बिचौलिए अपनी जेब गर्म करने के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर मुनाफा कमा रहे और संबंधित विभाग कुंभकरण की तरह चिर निद्रा में गोते लगा रहा है।

## पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

### शिव प्रसाद प्रथम, रवि बकोड़ा को द्वितीय इनाम मिला



**छपारा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत पीपरढ़ाना मे मड़ई मेला दंगल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े के मुख्य अतिथि एंव सरपंच राधेलाल उईके उप सरपंच कलि राम गज्जाम के विशेष अतिथि मे 6 नवंबर को विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया दंगल के कार्यक्रम में सिवनी जिले के आने को पहलवानों ने भाग लिया जिसमें प्रथम इनाम शिव प्रसाद भोंरगढ़ द्वितीय ईनाम रवि कुमार बकोड़ा सिवनी को दिया गया दोनों पहलवानों ने दांव पेंच का शानदार प्रदर्शन किया बाहर से आए हुए पहलवानों को धूल चटा दिया रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया ।

जिसमें मंडला के गायक राकेश उईके ने शानदार प्रस्तुति दिया महेंद्र कुमार उईके शिक्षक भगवान दास इंनवाती स्वामी लाल अरेवा अजबसी उइके गनपत तिलगाम इंदरसी उंट्टी राजेंद्र अरेवा राजकुमार उइके कार्यक्रम में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय शालेय हॉकी सीनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिले में 08 नवंबर से 12 नवंबर तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय शालेय हॉकी 19 वर्ष सीनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। प्रतियोगिता में संपूर्ण प्रदेश से लगभग 440 प्रतिभागी खिलाड़ी एवं अधिकारीगण शामिल होने सिवनी पहुंचेंगे।

तय कार्यक्रमानुसार प्रतियोगिता का समारोह मेजर ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिवनी में 08 नवंबर दोपहर 01 बजे से होगा। प्रतिभागियों के रूकने, भोजन, परिवहन, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## सार-समाचार

### 12 मामले में 131 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त



**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देश एवं नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका आदेश पर जिले में मादक पदार्थों की अवैध विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रही है इसी आदेश को दृष्टिगत रखते हुए गोटेगांव अनुविभागीय श्रीमति भावना मरावी के विशेष मार्ग दर्शन में तथा नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ के सानिध्य में विगत दिवस अवैध शराब विक्रय पर कार्यवाही की गई जिसमें कुल 12 केश बनाकर उनसे कच्ची मदिरा जब्त कर कार्यवाही की गई 10 केश 34=1 के कच्ची शराब,01 केस34=2 के तहत कच्ची शराब 60 लीटर का,1 केस देशी शराब का बनाया गया जिसमें कुल 131 लीटर अवैध मदिरा जब्त कर मामला बनाकर कार्यवाही की गई।तथा आगे भी अवैध शराब एवं नशे के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। इस कार्यवाही में मुख्य भूमिका नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,उप निरीक्षक दिलीप सिंह,उप निरीक्षक गौरव नेमा,उप निरीक्षक ऋषि राज, सहायक उप निरीक्षक जे पी धुर्वे,सहायक उप निरीक्षक सुरेश धुर्वे, प्रधान आरक्षक सागर सोनकर, प्रधान आरक्षक चंद्र प्रकाश पटले, धर्मेंद्र तिवारी, प्रेम शंकर,महिला आरक्षक दिव्यानी राजपूत,आरक्षक प्रशांत,अमित,नितिन, सुमित, सूरज, राकेश, गौरी शंकर सहित स्टाफ की भूमिका रही।

### भव्य श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन नौ से

**मोहगांव हवेली / सौंसर, देशबन्धु ।** अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की पावन धरती पर, शनिवार 9 नवम्बर से 15 नवम्बर तक स्व. कल्पनाबाई, स्व. शालिग्रामजी वंजारी तथा स्व. गुणाबाई स्व. डोमाजी वंजारी इनकी स्मृति में वंजारी भवन मोहगांव हवेली में भागवताचार्य किशोर पालिवाल उर्फ मुन्नाजी महाराज इनके मुखारविंद से भव्य श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आयोजित की गई हैं। उसी प्रकार सनातन धर्म के विभिन्न संप्रदायों के दिव्य प्रवचन सत्संग का भी आयोजन किया गया हैं। उक्त आशय की जानकारी आयोजक डॉ. गोपाल वंजारी ने देते हुए बताया कि, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का दो बार रात्री विश्राम रहा ऐसे स्थान वंजारी भवन में शनिवार 9 नवम्बर से शुक्रवार 15 नवम्बर तक दोपहर 2 से 5 बजे तक भागवताचार्य मुन्नाजी महाराज इनके मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा तथा सायं 6:30 बजे से 7 बजे तक राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज रचित सर्वधर्म सामुदायिक प्रार्थना होगी। डॉ. वंजारी ने बताया की शाम 7 से 8 बजे तक, शनिवार को सुंदरकांड, रविवार को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज इनका तत्वज्ञान इस विषय पर ह.भ.प. भुसारी महाराज (ब्रम्हपुरी, महाराष्ट्र) इनका प्रवचन, सोमवार को प.पू. भैय्याजी महाराज रचित अध्यात्म पर प्रार्थना स्त्रोत पर ह.भ.प. गुर्वे महाराज इनका प्रवचन, मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी इसके श्रीमुख से दिव्य प्रवचन, बुधवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री दीप महायज्ञ, गुरुवार को बलजीत सिंह महाराज के शिष्य वर्ग द्वारा सत्संग कार्यक्रम होगा। उसी प्रकार गुरुवार 14 नवम्बर को सुबह 8 से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ तथा शुक्रवार 15 नवम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन एवं उसके पश्चात् महाप्रसाद होगा। सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लेने की विनती की गई हैं।

### मां वैनगंगा के लखनवाड़ा तट पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** भगवान श्री हरि विष्णु के परमप्रिय पुण्य मास



कार्तिक के प्रथम पक्ष में मां बैनगंगा के लखनवाड़ा तट पर गंगा पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम, लक्षार्चन, लक्ष्य दीपदान एवं श्री सत्यनारायण भगवान की कथा पूजन और संध्या में मां बैनगंगा की महापचंआरती की गई इस कार्यक्रम बड़े हर्ष उत्सहित होकर धर्म प्रेमी बंधु बढ़चढ़कर के भाग ले धर्म लाभ लिया। कार्तिक माह की इस दूसरे पक्ष में भी यह आयोजन यथावत प्रारंभ है जोभी श्रद्धालु प्रातः और संध्या के समय इन अनुष्ठानों में शामिल होना चाहे वह बैनगंगा के लखनवाड़ा तट पहुंच सकता है। आयोजन समिति के सोनू महाराज ने बताया कि इस पवनपवित्र माह कार्तिक में उत्तर भारतीय धर्मावलबियो का छठ पूजा त्यौहार बहुत महत्वपूर्ण होता है जिसमे छठ व्रत करने वाली महिला त्यौहार के एक दिन पूर्व ही अर्थात पंचमी तिथि से ही निराहार व्रत करती है और तीसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण करती है, इस वर्ष छट पूजा का त्यौहार हेतु व्रतियों को पवित्र बैनगंगा के लखनवाड़ा तट पर 07 नवंबर की सन्ध्या पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देना होगा, वही उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए 08 नवम्बर को प्रातः पुनः तट पर ही सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण करना होगा, सोनू महाराज ने बताया कि षष्ठी तिथि की शुरुआत 07 नवंबर को रात 12 बजकर 41 मिनट पर होगी, वहीं इस तिथि का समापन 8 नवंबर को रात 12 बजकर 34 मिनट पर होगा।

## श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान, विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन आज से

**करेली, देशबन्धु।** विश्व शांति, दुख हरण एवं सर्व मंगल कार्य सिद्धि हेतु सकल दिगंबर जैन समाज करेली द्वारा श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भक्तियम आयोजन लक्ष्मी नारायण वार्ड स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका मां गुरुमति माताजी की संघस्त आर्यिका मां चिंतन मति माताजी एवं आर्यिका मां सारमति माताजी के सानिध्य में विश्व की शांति के लिए ,समस्त रोग, शोक, दु:ख क्लेश को दूर करने के लिए श्री विश्व शांति महायज्ञ कल्पद्रुम महामंडल विधान का आयोजन किया गया है।



जिसमें श्री जी का भव्यातिभव्य समोसरण स्थापित हुआ। श्री विद्याश्रमण संरक्षक युवा मंडल से अमित जैन संजय ने बताया कि गत गुरुवार को भगवान नेमिनाथ जी का गर्भकल्याणक महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम अनुसार प्रातः 6=30 से मंगलाष्टक भूमि शुद्ध भगवान नेमिनाथ जी को पंडाल जी में विराजमान करना अभिषेक, शांति धारा, पूजन विधान के पात्रों का चयन एवं माताजी के प्रवचन आदि हुए । पात्रों का चयन किया गया। आज शुक्रवार को विविध कार्यक्रम का आयोजन मंदिर जी मे किया गया है। ध्वजारोहण, मंडप उद्घाटन, आचार्य निमंत्रण आज विधान के मंगल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 8 नवम्बर को प्रातः 6:30 बजे से श्री देव आज्ञा, गुरू मंडप उद्घाटन आचार्य निमंत्रण आज आज्ञा, मंगलाष्टक घटयात्रा पूजन , घट यात्रा ,ध्वजा रोहण, मण्डप उद्घाटन ,आचार्य निमन्त्रण सकलीकर्ण, इंद्र प्रतिष्ठा ,मण्डप प्रतिष्ठा, अभिषेक पूजन पूज्य माता जी की देशना एवं कल्पद्रुम विधान आरम्भ होगा।अष्टकुमारी देवियों से घट यात्रा के पश्चात शुद्धि एवं मण्डप प्रतिष्ठा आदि मांगलिक कार्य आदि होगे। साथ ही प्रतिदिन सायं 7=30 बजे भव्य संगीतमय महाआरती मोनू जैन टीकमगढ़ नाटक कलाकार एवं टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति व प्रवचन आदि होगें।

## स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर कैंसर जागरुकता रैली एवं कालिदास जयंती समारोह आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव के नजदीकी ग्राम बगासपुर में शासकीय हाईस्कूल बगासपुर में संकुल स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें सभी संस्था प्रमुखों से छात्रवृत्ति संबंधी चर्चा हुई। तत्पश्चात शाला में उप. छात्रों द्वारा कैंसर जागरूकता रैली पोस्टर और बैनर के साथ निकाली गई। जिसमें प्र.संकुल प्राचार्य रंजीत सिंह पिपरोलिया,शिक्षक अभिषेक चौरसिया, घनश्याम चौधरी, श्रीमती आरती लोधी,कु.मंजरी विश्वकर्मा, टीकाराम तिवारी और संकुल केन्द्र शासकीय हाईस्कूल बगासपुर से सभी संस्था प्रमुख एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। संस्था प्राचार्य एवं अभिषेक चौरसिया द्वारा सभी छात्रों को कैंसर क्या है ? कैसे फैलता है? इससे बचाव कैसे करें ? जानकारी दी गई तथा छात्रों को नशाखोरी से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। महाकवि कालिदास जयंती समारोह में कालिदास जी के जीवन परिचय पर शिक्षक और विद्यार्थीयों के बीच प्रश्नोत्तर संबाद किया गया जिससे सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

## बुजुर्गों पेंशनरों के साथ शासन का क्रूर मजाक : शेंडे

### नहीं मिला अग्रिम वेतनवृद्धि का एरियर

**सौसर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ छिंदवाड़ा के पूर्व जिलाध्यक्ष,सिविल राइट्स प्रोटेक्शन सेल मप्र के सेक्रेटरी एसआर शेंडे ने बताया कि संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सबका साथ सबका विकास का मूलमंत्र लेकर बुजुर्गों युवाओं सभी वर्गों की जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश को विकास के शिखर पर पहुंचाने दिन रात मेहनत कर रहे हैं। परंतु ब्यूरोक्रेसी सारी मेहनत पर पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड रही। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा लम्बी न्यायालयीन लड़ने के बाद सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों ने 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को एक अग्रिम वेतनवृद्धि का एरियर्स सहित लाभ देने का आदेश पारित किया है। तत्पश्चात मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग ने 15 मार्च 24 को स्वीकृति प्रदान करने के आदेश दिए है।



परंतु अत्यंत खेद का विषय है कि,शासन के आदेश व न्यायालय द्वारा संबंधितों के पक्ष में निर्णय देने के उपरांत भी प्रदेश के सैकड़ों पेंशनरों के प्रकरण प्रशासन की लालफीताशाही के चलते लंबित है।

आला अफसर कोर्ट के आदेश मानने को तैयार नहीं है । पेंशनरों को मानसिक,आर्थिक व शारिरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

भुक्तभोगी अध्यापक श्री एस.आर शेंडे ने बताया कि वें खुद 30 जून 2013 को शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए है । उनके पक्ष में जबलपुर उच्च न्यायालय ने फैसला देकर शासन को वेतनवृद्धि का लाभ देने का आदेश पारित किया है, परंतु विभाग द्वारा तरह तरह की आपत्तियां लगाकर प्रकरण को एक साल से लटकाकर रखा है। कोर्ट की अवमानना की जा रही है।

श्री शेंडे ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया है कि,मंत्रालयों में बैठे उच्च अधिकारियों/ विभागाध्यक्षों को निर्देशित कर बुर्जगों, पेंशनरों को उनका वाज़िब हक दिलाएं, लंबित एरियर्स सहित राशि भुगतान की पहल करें।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**करेली, देशबन्धु।** रक्तदान जीवनदान शब्द की सार्थकता को सिद्ध करते हुए आज कार्मेल विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और पालक- शिक्षक मीटिंग में आए हुए अभिभावकों ने भी पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया।



इस शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त उपलब्ध कराना था। प्राचार्य फादर वर्गिस संस्था प्रबंधक फादर स्टेनिंन ने रक्तदान की अनिवार्यता एवं महत्व को बताते हुए इसे एक बहुत पुण्य का कार्य बताया एवं सभी रक्तदान करने वाले अभिभावकों और जिला अस्पताल नरसिंहपुर से पधारे हुए डॉ. अनीता वर्मा मेडिकल ऑफिसर, संजय सोनी सीनियर लैब सहायक अजय सेन लैब टेक्नीशियन एवं शाहरुख खान के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। पालक- शिक्षक मीटिंग में आए हुए अभिभावकों ने इसे अतिमहत्वपूर्ण जनसेवा का कार्य बताते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी विदाई

**रामाकोना, देशबन्धु।** उटेकांटा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला में बुधवार को शाला के शिक्षक रमेश कापसे के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन शाला परिवार द्वारा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया ।

सौसर विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी. आर गावंडे संकुल प्राचार्य जितेश काले, ग्राम के सरपंच राजू भानगे की प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के पूजन के साथ की गयी।

बिदाई समारोह कार्यक्रम मे शिक्षक रमेश कापसे के बारे मे उपस्थित अतिथियों तथा ग्रामीण जनो ने अपने विचार रखे और बताया की शाला के विकास से लेकर छात्र छात्राओं के अध्ययन मं श्री कापसे का बहुत बड़ा योगदान रहा है । आज हमारे लिए उन्होंने यहां लम्बे समय तक सेवाये दी जिसका गवाह पूरा ग्राम है ।

छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा श्री कापसे का गर्मजोशी के साथ सत्कार करते हुए शाला की याद बनी रहे इसीलिए



उपहार भी दिया गया।

इस अवसर पर श्री कापसे ने बताया की मै बहुत खुश नसीब हु मुझे शाला का सम्पूर्ण स्टॉफ, छात्र-छात्राएं, एवं ग्रामीण जनो का 12 वर्षो तक प्यार मिला एवं मै इसका हमेशा ऋणी रहूंगा ।

इस अवसर पर मोरेश्वर वाठ, रत्नाकर गोमकाले, गिरिधर सहारे, अरुण डहाके, पुष्पा काँपसे, पराग अंडे, रामराव कुमरे, सदाशिव खंडाईत, विजय पातुरकर,हेमराज गुर्वे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## बारापत्थर कार्यालय में भाजपा की कार्यशाला

**सिवनी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, इसी बात को संगठन के द्वारा जो पर्व मनाया जा रहा है वह साबित करता है। संगठन पर्व के अंतर्गत जमीनी स्तर पर गठन से लेकर के बूथ एवं शक्ति केंद्र में काम खड़ा करने का निर्देश राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर से भाजपा को प्राप्त हुआ है इसी तारतम्य में जिला बैठक के पश्चात मंडलों की बैठक संपादित हो रही है।

नगर भाजपा दक्षिण मंडल की भी विशेष कार्यशाला भाजपा कार्यालय बारापत्थर में संपन्न हुई । इस बैठक में संगठन पर्व के प्रभारी के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, जिला भाजपा के अध्यक्ष आलोक दुबे, जिला भाजपा के महामंत्री गजानन्द पंचेश्वर, जिला भाजपा के महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष दीपक नगपुरे, जिला भाजपा के मंत्री संजीव मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र टांक, रमेश तिवारी, सुरेश भांगरे, गोपाल पवमे सहित नगर भाजपा



के नगर अध्यक्ष अभिषेक दुबे मंच पर उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर भाजपा के अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने बताया कि पूर्व में जो भी कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंडल को प्राप्त हुए हैं उसे पूर्ण निष्ठा के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संपादित किया चाहे वह लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव रहे हो या फिर अभी हाल ही में संपन्न हुआ सदस्यता का अभियान। आगे जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उसे पुरी शक्ति के साथ पूर्ण किया जाएगा।

संगठन पर्व के प्रभारी के रूप में उपस्थित प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव पवार ने बताया कि भाजपा में सामंजस्य से काम होता है, चाहे वह राष्ट्र हो प्रदेश हो मंडल हो या बूथ हो। सामंजस्य से ही हम सभी प्रक्रियाएं संपन्न करने का प्रयास करेंगे और भाजपा को अधिक से अधिक मजबूत बनाने के दिशा में काम करेंगे। अंत में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की और कहा की आपके द्वारा हर परीक्षा में सफलता प्राप्त की गई है और आज निर्धारित दिवस पर बैठक करके पुनः आप लोगों ने साबित कर दिया कि आप संगठन के सजग सिपाही हो। इसी प्रकार आगामी भविष्य में आप सभी को कार्य करते जाना है और संगठन को मजबूत बनाए रखना है जिससे कि आने वाले प्रत्येक चुनौतियां को हम पार कर सकेंगे।


बैठक में नगर पदाधिकारी, मोर्चो के अध्यक्ष प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र की टोली वार्ड अध्यक्ष साहित कार्यकर्ता पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच का संचालन भाजपा के नगर उपाध्यक्ष और पार्षद राजेश यादव राजू ने किया।

## दैनिक राशिफल


**शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-उ.भा.।**





**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।




**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।




**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। `क-




**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।





**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।





**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।





**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।




**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।




**धनु**
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।




**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।




**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।




**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

म.